## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज लैलूंगा में उरांव समाज के करमा महोत्सव में होंगे शामिल



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 14 अक्टूबर को एक दिवसीय रायगढ़ जिले के लैलूंगा प्रवास पर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री साय 14 अक्टूबर को दोपहर 2.15 बजे ग्राम-सिलौटा, जिला-सूरजपुर से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3 बजे लैलूंगा आयेंगे। मुख्यमंत्री साय अपरान्ह 3.5 बजे वृहत सम्मेलन एवं उरांव समाज के करमा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय शाम 4.10 बजे लैलूंगा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### लैलूंगा के कुंजारा हेलीपेड एवं आसपास का 3 कि.मी. क्षेत्र 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 14 अक्टूबर को रायगढ़ जिले के लैलूंगा प्रवास पर आयेंगे। जिसके मद्देनजर लैलूंगा के कुंजारा हेलीपेड में लैडिंग, उड़ान एवं मुख्यमंत्री के लैलूंगा प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए हेलीपेड कुंजारा तहसील-लैलूंगा के 3 कि.मी. के आसपास का क्षेत्र को 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित किया गया है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, तीन की मौत

**जशपुर (आरएनएस)।** जशपुर जिले में आज तडक़े हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर के पलटने से ट्राली में बैठे तीन सवारों की मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। दो घायलों की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार, दहशरा पर्व के मौके पर सुरेशपुर हर्रामार गांव में नाटक का आयोजन किया गया था। जिसे देखने के लिए पंडरीपानी से करीब 30 ग्रामीण ट्रेक्टर ट्राली में सवार होकर गए थे। नाटक देखने के बाद लौटते समय रविवार की तडक़े 4 बजे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मिर्जापुर गांव के समीप सडक़ के किनारे पलट गई। ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबने से 2 महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं आठ लोग घायल हो गए। आनन- फानन में एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सिविल अस्पताल पत्थलगांव में भर्ती कराया गया हैं।घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### चैन स्नेचिंग करने वाली 10 महिलाएं गिरफ्तार

**जशपुर-रायपुर (आरएनएस)।** नगर दुर्गा पूजा और रावण दहन के दौरान महिलाओ के गले से चैन स्नेचिंग करने वाली 10 महिलाओ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि ये सभी महिलाये कुसमी गैंग से जुडी है है। चेन स्नेचिंग करने वाली महिलाओं का गिरोह अपने काम को बखूबी अंजाम दिया करती थी। अब जब इस समय पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल चल रहा था। तो गिरोह कि महिलाओं को अनुकूलता मिल गया। ऐसे समय के ही इंतजार में रहती थी यह महिलाएं भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर अनेकों महिलाओं के गले से बड़ी सफाई के साथ सोने की चेन गायब कर देती थी कुसमी गिरोह की महिलाएं। सीसीटीवी में कैद हुई घटना मामले में पत्थलगांव पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो इन महिला गिरोह के सदस्य की पूरी वारदात एक सीसीटीवी में कैद मिली। त्यौहार के दौरान भीड़ में शामिल आरोपित महिलाएं महिलाओ के गले से मंगलसूत्र,सोने की चैन और पर्स स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया करती थी। पत्थलगाँव के एसडीओपी धुर्वेश कुमार ने बताया कि शनिवार को दुर्गा विसर्जन और रावण दहन के दौरान चैन स्नेचिंग की सात घटनाएं सामने आई थी।

# रायगढ़ को विकास कार्यों की लगातार मिल रही सौगात, वित्त मंत्री ओ. पी.चौधरी ने 12.90 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

- **9.37 करोड़ से 3 सड़कों का होगा निर्माण**
- **3.44 करोड़ की लागत से लोईंग में बनेगा आईटीआई भवन**
- **कोयलंगा नाला पुल का 2.89 करोड़ की लागत से निर्माण शुरू, पुल बनने से ओडिसा आवागमन की दूरी होगी कम**

**रायगढ़**





वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल से रायगढ़ जिले में विकास कार्यों की लगातार सौगात मिल रही है। इसी क्रम में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज लोईंग महापल्ली क्षेत्र में 12 करोड़ 90 लाख की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा सिर्फ एक ही ध्येय है कि रायगढ़ का अधिक से अधिक विकास हो। यहां अधोसंरचना विकास और जन सुविधा से जुड़े निर्माण कार्यों को लगातार स्वीकृति दी जा रही है। आज सड़क निर्माण कार्यों के साथ लोईंग में बनने वाले आईटीआई भवन निर्माण के साथ ही बटमुल आश्रम महाविद्यालय में अतिरिक्त निर्माण कक्ष का भी भूमिपूजन किया गया है।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि हम लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। निर्माण कार्यों को मंजूरी देने के बाद अब बारिश खत्म होते ही सभी कार्यों के टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करवाया जा रहा है। जिससे इन सुविधाओं का लाभ यहां के निवासियों को मिल सके। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा इन दो बातों का विशेष रूप से ध्यान रखें। काम की क्वालिटी से कहीं भी समझौता नहीं चलेगा, निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि महापल्ली में 29 लाख की लागत से महतारी सदन का निर्माण होगा। जिसका संचालन महिलाओं द्वारा किया जायेगा।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, विजय अग्रवाल, सुकलाल चौहान, सूरत पटेल, अनंत राम चौहान, एन.आर.प्रधान, ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप, एसडीओ एम.एस.नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**3.44 करोड़ से लोईंग में आईटीआई भवन का निर्माण होगा**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि आईटीआई भवन निर्माण से यहां पढऩे वाले छात्रों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ मिलेगा। साथ ही यहां नए ट्रेड भी शुरू किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि आईटीआई से छात्र स्किल सीखते हैं जो यहां उद्योगों में रोजगार पाने के साथ ही खुद का व्यवसाय शुरू करने में उन्हें मदद करेगा। इस मौके पर उन्होंने मौजूद छात्रों को मन लगाकर पढऩे और हुनरमंद बन अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाने की बात कही।

**12 करोड़ 90 लाख की लागत के इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज 12 करोड़ 90 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 5 करोड़ 46 लाख से रायगढ़-लोईंग महापल्ली जामगांव मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई-8.60 कि.मी, 2 करोड़ 8 लाख की लागत से कोतरलिया बस्ती पहुंचमार्ग का निर्माण लंबाई 1.55 कि.मी., 1 करोड़ 83 लाख की लागत से बस्ती जामगांव-छुहीपाली-जूनाडीह मार्ग का निर्माण कार्य, लंबाई 2.40 कि.मी., 3 करोड़ 44 लाख की लागत से लोईंग महापल्ली में नवीन आई.टी.आई. भवन का निर्माण कार्य तथा बटमूल आश्रम कॉलेज में विधायक मद अंतर्गत स्वीकृत 7 लाख 67 हजार की लागत से अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य शामिल हैं।

**ओडिसा से जोडऩे वाले कोयलंगा नाला पुल का निर्माण प्राथमिकता से करें पूरा- वित्त मंत्री ओ. पी.चौधरी**

अंचल के लोगों के आवागमन की सुविधा को देखते हुए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने 2 करोड़ 89 लाख की लागत से बनने वाले कोयलंगा पुल के निर्माण कार्य को प्रारंभ करवाते हुए काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश ईई पीडब्ल्यूडी को दिए। उन्होंने कहा कि इससे इस क्षेत्र के लोगों की ओडिसा से कनेक्टिविटी बेहतर होगी और उन्हें कम दूरी तय करनी पड़ेगी। पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर स्थानीय निवासियों ने हर्ष जताते हुए वर्षों से लंबित मांग को पूरा करने पर वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी को धन्यवाद दिया।

## वित्त मंत्री ने समर्पित सेवा के लिए पुलिस "शक्ति" टीम का किया उत्साहवर्धन, शील्ड प्रदान कर किए सम्मानित

**रायगढ़**



नवरात्रि पर्व के दौरान महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में गठित "शक्ति" टीम ने अपने समर्पित और प्रभावी प्रयासों से सराहनीय भूमिका निभाई। 03 अक्टूबर को नवरात्रि के प्रारंभ के साथ ही महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की इस विशेष टीम ने दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों पर निरंतर गश्त कर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी, जिससे महिलाएं निडर होकर नवरात्रि और विजयादशमी का पर्व मना सकीं।

टीम के समर्पित सेवा और उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देते हुए चंद्र नगर कला और संस्कृति मंच के दुर्गा आयोजन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने "शक्ति" टीम के सदस्यों को शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल और अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी टीम के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

सम्मानित "शक्ति" टीम के सदस्य: सहायक उप निरीक्षक मंजू मिश्रा (प्रभारी महिला रक्षा टीम), महिला प्रधान आरक्षक मालती कंवर, राजश्री वैष्णव, क्लोस्टिका खरे, प्रधान आरक्षक जोसेफ कुजूर, महिला आरक्षक अनिता बेक, पुष्पा सहिस, दोरोथिया किण्डो, कस्तुरी राठिया, आरक्षक विकास सिंह, कोमल तिवारी, राजू भगत, शशि चौहान।

## जीएसटी से शासन को 1073.97 करोड़ रुपए की हुई प्राप्ति

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हुए बेहतर कारोबार का असर राज्य के जीएसटी राजस्व (त्रस्ञ्ज) पर साफ दिख रहा है. वित्तीय वर्ष 2024-25 के सितंबर माह में राज्य को 1073.97 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय साल 2024-25 में स्टेट को मिलने वाले जीएसटी में लगातार वृद्धि हो रही है. सितंबर 24 में राज्य को छत्तीसगढ़ एसजीएसटी से 614.35 करोड़ रुपये तथा एपोर्शनमेंट ऑफ आईजीएसटी से 459.62 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है. इस तरह प्रदेश को सितंबर में जीएसटी एक्ट के तहत 1073.97 करोड़ रुपए का राजस्व मिला। सितंबर 23 में प्रदेश में छत्तीसगढ़ एसजीएसटी से 625.29 करोड़ रुपये तथा एपोर्शनमेंट ऑफ आईजीएसटी से 339.19 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई थी. इस तरह बीते साल की तुलना में सितंबर 24 में मिले जीएसटी में 109.49 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है. यह राशि 11 प्रतिशत की ग्रोथ दर्शाती है। स्टेट जीएसटी को वित्तीय साल 2024-25 की पहली छमाही में जीएसटी के तहत 7190.26 करोड़ रुपये मिले. यह राशि बीते साल की तुलना में 13 फीसदी की ग्रोथ दर्शाती है. अप्रैल से सितंबर 2024 में राज्य को छत्तीसगढ़ एसजीएसटी से 4242.39 करोड़ रुपये मिले हैं. एपोर्शनमेंट ऑफ आईजीएसटी से 2947.87 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है।

## सामान्य यात्रियों को राहत देने लंबी दूरी की ट्रेनों में बढ़ेगी जनरल कोच की संख्या



**बिलासपुर-रायपुर । आरएनएस**

आम यात्रियों के साथ ही लंबी दूरी की एक्सप्रेस, मेल ट्रेनों में सफर करने वाले आम मुसाफिरों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने सामान्य यात्रियों की सुविधा बढ़ाने का निर्णय लिया है। ट्रेनों में सामान्य कोच की संख्या कम होने के कारण अक्सर त्योहारों व खास मौकों पर यात्री ट्रेनों में एक-एक सीट के लिए मारामारी की नौबत बन जाती है। वहीं वेटिंग लिस्ट भी लंबी होती चली जाती है। रेलवे के नए-नए नियमों से यात्री वैसे भी बेहाल हो गए हैं। पूरा किराया देने के बाद भी कन्फर्म बर्थ न मिल पाने की हजारों शिकायत रेलवे तक रोजाना पहुंच रही है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए अब रेलवे प्रशासन ने लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने का फैसला किया है। लंबी दूरी की ट्रेनों में पहले से एक-एक जनरल कोच है, जो ट्रेन के आगे व पीछे जुड़ते हैं। दो अतिरिक्त कोच में ट्रेन की इसे हिस्से में जोड़े जाएंगे।

## चोरी के 8 आरोपियों से बरामद की गई करीब 1 लाख रुपए कीमती 2 क्विंटल केटनरी और कोन्टेक्ट वायर : चोरी मामले में तमनार पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में, डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के सुपरविजन के तहत तमनार थाने की टीम ने चोरी और लूट के मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में तमनार थाना पुलिस टीम ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो रेलवे लाइन के निर्माण कार्य से जुड़े तारों की चोरी में काफी समय से संलिप्त थे।

**मामले का विवरण:**

जानकारी के मुताबिक दिनांक 10 फरवरी 2023 को लगभग 4:00 बजे, पेट्रोलिंग टीम ने सूचना दी कि भालूमुड़ा एसपी के पास निर्माणाधीन रेलवे लाइन से 227 मीटर केटनरी तार और 227 कोन्टेक्ट तार , जिसकी कीमत लगभग रु.40,000 है, चोरी हो गई है। प्रार्थी पार्थ सारथी पंडा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध क्रमांक 75/2023 दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान अज्ञात आरोपी और चोरी किए गए माल की पतासाजी के लिए लगातार प्रयास किए गए।

लंबे समय तक अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कोई ठोस सबूत न मिलने के कारण प्रकरण में सितम्बर 2023 में खात्मा चाक की गई थी, लेकिन थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्धों से पूछताछ जारी रखी। आखिरकार, दिनांक 13 अक्टूबर 2024 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कठरापाली के कुछ व्यक्ति रेलवे तार चोरी कर उसे बेचने की योजना बना रहे हैं।

**गिरफ्तारी और बरामदगी:**

तमनार पुलिस ने ग्राम कठरापाली से मोहित भारद्वाज और उसके साथियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद मोहित ने खुलासा किया कि उसने अपने साथियों लोकेश मिरी, श्यामलाल मिरी, जयराम सोनी, भागीरथी रात्रे, तेजराम रात्रे, कृष्णा सतनामी, और राजेश रात्रे के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 क्विंटल केटेनरी और कॉन्टेक्ट तार (रु.1,00,000), साथ ही अपराध में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, हथौड़ा, कटर और छेनी जब्त किए।

आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है और उनके बयान गवाहों के सामने दर्ज किए गए हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत भेजा गया है।

**टीम की सराहनीय भूमिका:**

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, देव प्रसाद राठिया, आरक्षक अनूप मिंज, भीष्म देव सागर, पुरुषोत्तम सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**गिरफ्तार आरोपी:**

1. मोहित भारद्वाज पिता मंगल भारद्वाज उम्र 35 वर्ष
2. लोकेश मिरी पिता सुकलाल मिरी उम्र 23 वर्ष
3. श्यामलाल रात्रे पिता करमसिंह रात्रे उम्र 32 वर्ष
4. जयराम सोनी पिता अर्जुन सोनी उम्र 30 वर्ष
5. भागीरथी रात्रे पिता दुखी राम रात्रे उम्र 32 वर्ष
6. तीजराम रात्रे पिता अर्जुन रात्रे उम्र 32 वर्ष
7. कृष्णा सतनामी पिता सुखलाल सतनामी उम्र 22 वर्ष
8. राजेश रात्रे पिता नंदलाल रात्रे उम्र 22 साल सभी निवासी कठरापाली थाना तमनार जिला रायगढ़

## पाझर नाला पुल रेलिंग की मरम्मत पूरी, भारी वाहनों की आवाजाही बहाल



- **बीते दिनों भारी वाहन की टक्कर से हुआ था क्षतिग्रस्त**

**रायगढ़**

पूंजीपथरा तमनार मार्ग में ग्राम आमाघाट के पास क्षतिग्रस्त पाझर नाला सेतु के मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया है। यहां से भारी वाहनों की आवाजाही भी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीओ पीडब्ल्यूडी एम.एस. नायक ने बताया कि बीते दिनों भारी वाहन की टक्कर से पुल की रेलिंग और रिटेनिंग वॉल क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके चलते यहां से भारी वाहनों का आवागमन रोक दिया गया था। पुल के रेलिंग की मरम्मत पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा की जा चुकी है। यहां फ्लाईऐश सुपर साइज ब्रिक की वॉल बनाई गई है। जिसके पश्चात अब पुल से भारी वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई है।

## फिरौती के लिए मासूम को किया अगवा फिर गला रेतकर नदी किनारे दबाया : सनसनीखेज हत्याकांड में नाबालिग भी शामिल

**बलरामपुर-रायपुर । आरएनएस**



शहर में 2 पड़ोसियों ने 10 साल के बच्चे को अगवा कर मार डाला। पहले बच्चे का गला घोंटा, जब वह बेहोश हो गया तो उसका गला रेत कर सिर को धड़ से अलग कर दिया। आरोपियों में नाबालिग भी शामिल है। मामला वाड्रफनगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, तोरफा गांव निवासी अशोक पाल के बेटे बृजेश का शव 6 अक्टूबर को घर से करीब 500 मीटर दूर सिर कटी और सड़ी-गली हालत में मिला था। पुलिस ने इस मामले में गांव के ही 20 लोगों से पूछताछ की। इसमें सामने आया कि बच्चे की हत्या फिरौती के लिए की गई है। पुलिस ने बताया कि, अशोक पाल मजदूरी और खेती-किसानी का काम कर करता है। उसने बाइक खरीदने के लिए 80 हजार रुपए एकत्र किए थे। करीब 11 दिन पहले वह बाइक लेने वाड्रफनगर भी गया था। हालांकि किसी कारण से बाइक नहीं ले सका और लौट आया। इसकी जानकारी पड़ोस में रहने वाले रवि पाल (19) को लगी। इस पर पैसे की लालच में उसने अशोक के बेटे बृजेश को किडनैप कर फिरौती वसूलने की साजिश रची। आरोप है कि 2 अक्टूबर को रवि ने बृजेश को अपने घर बुलाया और वहां से जंगल की ओर से घुमाने के बहाने ले गया। काफी देर होने पर बृजेश जाने लगा तो रवि ने उससे रुकने के लिए कहा और पैसे वसूलने की बात कही। साथ ही बृजेश को भी लालच दिया, लेकिन उसने मना कर दिया। घर जाने की जिद कर बृजेश भागने की कोशिश करने लगा। इस पर रवि भडक़ गया और उसने पहले बृजेश की पिटाई की, फिर गला दबा दिया। गला दबाने से बृजेश बेहोश हो गया। पकड़े जाने के डर से रवि ने बृजेश की शर्ट उतारी और उसकी आस्तीन से गला रेत कर काट दिया। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला नाबालिग भी मिल गया। उसकी मदद से रवि ने बच्चे के धड़ और सिर को नदी किनारे झाड़ियों में छिपा दिया।

## विजयादशमी पर पुलिस लाइन उर्दना में शस्त्र पूजन का आयोजन: एसपी ने की विधिवत पूजा और हवन

- **पुलिस लाइन के साथ ही जिले के सभी थाना और चौकियों में हुआ शस्त्र पूजन, परंपरा का किया गया पालन**

**रायगढ़**



विजयादशमी के पावन अवसर पर रायगढ़ जिले में वर्षों से चली आ रही शस्त्र पूजन की परंपरा को निभाते हुए, आज पुलिस लाइन उर्दना में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने विधिवत रूप से शस्त्रागार में रखे शस्त्रों और वाहनों का पूजन किया। कार्यक्रम में मंत्रोच्चार और महाकाली की आराधना के साथ हवन शांति भी किया गया, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल ने विजयादशमी की प्राचीन परंपराओं का पालन करते हुए तलवार से प्रतीकात्मक कद्दू के बकरे की बलि दी, जिसके बाद खुले प्रांगण में हर्ष फायर किया गया। यह अनुष्ठान पुलिसकर्मियों के बीच साहस और कर्तव्यनिष्ठा को बढ़ाने का प्रतीक है।

विजयादशमी के अवसर पर पुलिस लाइन शस्त्रागार में रखे शस्त्रों और वाहनों की विधिवत साफ-सफाई और पूजा की गई। इस पूजन का उद्देश्य शस्त्रों के प्रति सम्मान और उनकी देखरेख को बढ़ावा देना है, जो पुलिस बल के साहस और शक्ति का प्रतीक होते हैं।

इसी तरह जिले के सभी थाना, चौकी और शस्त्रागारों में भी विजयादशमी की परंपरा के अनुसार शस्त्रों की साफ-सफाई और पूजा की गई। हर थाना में पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्साह और सम्मान के साथ इस अनुष्ठान का पालन किया।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल ने इस अवसर पर सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और जिलेवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए पुलिस बल को कर्तव्यपरायणता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

इस शस्त्र पूजन कार्यक्रम में एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के साथ द्वय एडिशनल एसपी राम गोपाल करियारे, आकाश मरकाम, डीएसपी ट्रैफिक रमेश चंद्रा, डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह, रक्षित निरीक्षक अमित सिंह, नगर निरीक्षक सुखनंदन पटेल, रामकिंकर यादव सहित पुलिस लाइन के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पूजा के कार्यक्रम में सहभागिता की और विजयादशमी के महत्व को समझते हुए परंपरा का पालन किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480